Many hon. Members who preceded me have referred to the variety of difficulties and harassments faced by the Harijans in this country. When you open a newspaper in the morning, you are invariably confronted with the news-items that a Harijan has been attacked in one place, another Harijan murdered in another place and in some other place yet another Harijan has been subjected to inhuman cruelties. The details of these instances have been enumerated by the hon. Member Shri Suraj Bhan in his paper. During the past 3 years, 1122 Harijans have been murdered in different parts of the country. With all these the hon. Ministers are sitting here smugly. When a railway accident takes place in any corner of the country and some people die, immediately it is demanded that the Railway Minister should resign from his office as he is responsible for the loss of so many valuable lives. It is strange that even after thousands of Harijan lives have been lost the hon. Ministers continue to adorn their seats here. From this side of the House also there is neither any demand for the resignation of the Ministers nor any condemnation of such inhuman atrocities committed on the innocent lives of the Harijans. Perhaps they think that the Harijans are just chattels and not human-beings and they do not recognise our presence here to represent their problems and grievances. At the time of debate on the Constitutional Amendment Bill for abolishing privy purses, the House was full ; the Press Gallery was also overflowing. What can the Press do ? Many times they have published in the papers the atrocities committed on the Harijans. In their Editorials also they have referred to the gravity of the situation. Whether the Government approached in a supplicating manner or they are attacked aggressively, they would not yield and would not do anything worthwhile in this matter —that is what they probably must have come to realise. They perhaps think that it is better to go out than to sit in the Press Gallery and Shri Sonavane pin-pointed this. I would say that the Press gives due importance to this issue wherever such things take place, but because the Government do not attach as much importance as they should, they have also become complacent and have started taking less interest.

Now, I would give the figures of expenditure of both Central and State Governments put together on drinking water, health and medical schemes for the scheduled castes and scheduled tribes during the first, second and third Five Year Plans and also during the period 1966-67 to 1968-69. The expenditure is : First Plan—2·19 crores ; Second Plan —5·71 crores ; Third Plan—3·79 crores ; 1966-67 to 1968-69—2·28 crores. For 10 crores of people to provide the basic amenities such as mentioned by me only an amount of Rs. 13·91 crores has been spent during the past 18 years. These statistics have been given by the Central Social Welfare Department to the Parliamentary Committee on the welfare of scheduled castes and scheduled tribes. During the past 18 years, they have not paid that much attention to the welfare of scheduled castes and scheduled tribes as they paid to agriculture. Under the foreign rule, we were importing rice from Burma to meet our needs. After our independence, with our view to achieving self-sufficiency in foodgrains, we undertook various agricultural improvement schemes and now we are nearing the goal of self-sufficiency in foodgrains. For this purpose, intensive agricultural district programmes have been drawn up. But, so far no such intensive scheme for the welfare of these people in selective districts have been drawn up, though such a scheme may involve only Rs. 100 crores.

Then, Sir, comes the important question of dignity and self-respect of these people. While we proclaim to ushering in secular and casteless society, we continue to perpetuate the caste system by not paying adequate attention to the problems of scheduled castes and scheduled tribes. The employment opportunities in different sectors of national life for the scheduled castes and scheduled tribes are scarce. There are a number of services like Security Service directly under the control of the Central Government, where these people can be given employment. Even in the Railway Police Force they are being taken in. The unemployment problem has driven them to the streets.

Besides this, even today we see that people belonging to a particular community are being appointed as priests in temples in various parts of the country. So far as Tamil Nadu is concerned, after the assumption of Office the Dravida Munnetra Kazhagam Government have evolved a new procedure by which persons belonging to any

[Shri Mayavan]

community can become priests in temples. I would suggest that such a revolutionary procedure should be adopted in all other States as well. In the Judiciary there is hardly any Judge who belongs to the scheduled castes and scheduled tribes. I would request that some reservation should be made for the scheduled castes and scheduled tribes in the judiciary. I would also request the hon. Minister that he should formulate a procedure by which some reservation can be made for the representation of scheduled castes and scheduled tribes in the Rajya Sabha as also in the State Legislative Councils. Instead of having isolated colonies for these people, I would suggest that there should be mixed colonies so that they become integrated with the mainstreams of society, so that they are not faced with the problems of drinking water and electricity. With the hope that the hon. Minister will bear in mind the suggestions I have made and he will initiate suitable action towards improving the social and economic conditions of these people, I conclude.

श्री काम्बले (लातूर) : सभापति महोदय, शैडयूल्ड कास्ट और शैडयूल्ट ट्राइब्स की रिपोर्ट पर पिछले कुछ दिनों से चर्चा हो रही है, मैं सविस्तार से उस चर्चा में नहीं जाना चाहता, लेकिन कुछ पहलुओं पर जरूर अपने विचार रखूंगा। उसके प्रमुख पहलू हैं—आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक। जहां तक आर्थिक पहलू का सम्बन्ध है—जिसका आर्थिक पहलू ठीक न हो, उनको सभी क्षेत्रों में उसके लिये अड़चनें और दिक्कतें पैदा हो जाती हैं। हरिजनों और आदिवासियों की आर्थिक अवस्था को सुधारने के लिये कई जगहों पर जमीनें तकसीम की गई हैं, लेकिन वे किस प्रकार से तकसीम की जाती हैं—किसी को 2 एकड़, किसी को 4 एकड़, किसी को 6 एकड़, 8 एकड़ से ज्यादा किसी को नहीं दी गई, लेकिन क्या सरकार को पता है जो जमीनें उनको दी गईं, उनकी आज अवस्था क्या है ? मध्य प्रदेश, उड़ीसा और कई अन्य जगहों पर हमने देखा है कि जमीनें उनको दी गईं, वे मालिक बन गये, लेकिन वे जमीनें उनके पास नहीं रहीं, क्योंकि गरीबी के कारण उन जमीनों को दूसरे लोगों को बेच देना पड़ा। जमीन देने से ही उद्देश्य पूरा नहीं हो जाता, जमीन के साथ यदि उसको उपयोग में लाने के लिये आवश्यक साधन हम उपलब्ध नहीं करायेंगे, तो उसका कोई फायदा नहीं होता और उन्हें बाध्य होकर फिर से किसानी की नौकरी में जाना पड़ता है। जब तक उनको जमीन के लिये दूसरे साधन उपलब्ध नहीं होंगे वे किसी तरह से आगे बढ़ नहीं सकते हैं। इसलिये अगर आप हरिजनों को ज़मीन देकर उनसे काश्तकारी कराना चाहते हैं तो सबसे ज़रूरी चीज़ यह है कि उनको साधन उपलब्ध कराइये। हमने देखा कि ज़मीन का बंटवारा होने के बाद भी वे मालिक नहीं रहे, बहुत से लोग जो ज़मीदार थे, पैसे वाले थे, उन्होंने उनकी ज़मीनों को खरीद लिया और उनको निकाल बाहर किया। इसलिये जो भी ज़मीन उनको दी जाय, उसके साथ-साथ साधन भी उपलब्ध कराये जाएं, ताकि उस ज़मीन के सहारे वह अपना गुज़ारा कर सकें।

आर्थिक अवस्था का दूसरा साधन नौकरी है—नौकरी के बारे में यहां बार-बार कहा गया है कि उनका कोटा पूरा नहीं होता है। मैं एक चीज़ कहूंगा—फर्स्ट ग्रेड और सैकेण्ड ग्रेड में जहां प्रमोशन से जगह भरी जाती है, वहा कहीं भी रिज़र्वेशन नहीं है। चार साल पहले भी सौलहवीं रिपोर्ट में इसके बारे में ज़िक्र किया गया था, लेकिन गवर्नमेंट ने क्या एक्शन लिया, कुछ पता नहीं चला। प्रमोशन में अगर रिज़र्वेशन नहीं होगा तो कोई हरिजन गिरीजन आदमी आगे बढ़ नहीं सकता है। श्री मोरारजी देसाई ने अपने भाषण में ठीक कहा था कि प्रमोशन्स के सम्बन्ध में जो भी शिकायतें उनके सामने आई थीं उनमें अधिकांश में उन्होंने देखा कि अन्याय हुआ था। तो जब तक वहां पर रिजर्वेशन न हो, सरकार को देखना चाहिए कि किस तरह से वहां पर पूर्ति हो सकती है।

सरकारी नौकरियों में रिजर्वेशन रखा गया है। 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत की घोषणा अब कर दी गई है लेकिन इस रिजर्वेशन से कोई फायदा नहीं होने वाला है केवल स्थान सुरक्षित रखने से ही उनका फायदा नहीं होगा। किस तरह से पूर्ति होती है, इस बात पर ज्यादा जोर देने की आवश्यकता है। इसी सदन में हमने देखा है कि सुरक्षित स्थान रखने के बाद भी उसकी पूर्ति नहीं होती है। किसी भी स्टेज पर, किसी भी डिपार्टमेंट में आप देखें, उन जगहों की पूर्ति नहीं हुई है। थर्ड क्लास की जगहों पर भी पूर्ति नहीं हुई है। यहां तक कि जो फोर्थ क्लास की जगहें हैं चपरासी की या सिपाही की उनकी भी किसी डिपार्टमेंट में पूर्ति नहीं हुई है। आज नौकरियों का यह हाल है। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि कम से कम सरकार के हाथ में जो डिपार्टमेंट हैं उनमें इस बात का पूरा प्रयत्न करें और देखें कि किस तरह से रिजर्वेशन की पूर्ति हो सकती है।

हरिजनों की आर्थिक उन्नति का तीसरा साधन है उद्योग-धंधा। आज तक हरिजनों तथा गिरिजनों के हाथ में कोई भी उद्योग-धंधे नहीं हैं। बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद कहा जाता था कि छोटे-छोटे उद्योग-धंधों में बड़ी सहायता मिलेगी। मैं आपके द्वारा सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार के पास कोई स्कीम है जिसके द्वारा आदिवासियों तथा हरिजनों के लिए छोटे-छोटे उद्योग-धंधों की व्यवस्था की जाये जिसके द्वारा वे जीविका कमाकर अपना जीवन निर्वाह कर सकें? यदि हां, तो कितने धंधे उनके लिए उपलब्ध किये गए हैं, यदि उसकी कोई लिस्ट हो तो उसको यहां बताया जाये जिससे कि यह स्पष्ट हो सके कि हरिजनों को कितना लाभ पहुंचा है। मेरा कहना यह है कि जब तक हरिजन आदिवासियों के बच्चे टेक्निकल साइड में नहीं जाते हैं तब तक उद्योग-धंधो का उनको कोई लाभ नहीं होगा। इसलिए मेरा सुझाव है कि हरिजन आदिवासियों के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा तादाद में टेक्निकल साइड में स्कालरशिप देकर भर्ती किया जाये। टेक्निकल स्कूलों में 12-15 प्रतिशत हरिजन लड़कों को तालीम देकर उद्योग-धंधों में लगाया जाये।

सभापति जी, इस देश में एक बड़ी अजीब अवस्था है। इस देश की आर्थिक अवस्था कमजोर है। जो बेचारे गरीब हैं वह नौकरी मांगते हैं तो उनको नौकरी मिलती नहीं और धंधा करने के लिए उनके पास पैसा नहीं होता है। वे बेचारे सड़कों पर इधर-उधर घूमते हैं और भूखों मरते हैं। लेकिन जो आदमी चोरी करता है या डाका डालता है उसके लिए सरकार सारा प्रबन्ध कर देती है। उसको रहने के लिए मकान भी मिलता है, खाने के लिए अन्न भी मिलता है और पहनने के लिए कपड़ा भी मिलता है। उसके लिए सारी सुरक्षा की व्यवस्था हो जाती है क्योंकि वह गुनाह करता है। लेकिन दूसरी तरफ हरिजन आदिवासी बेचारे जो भीख मांगते हैं उनके लिए सरकार कोई व्यवस्था नहीं करती है। यह बड़ा सामाजिक अन्याय है। मैं सरकार से कहूंगा कि गुनाह करने वालों के लिए तो सारी व्यवस्था की जाये लेकिन बेगुनाहों के लिए कोई व्यवस्था न हो, इस तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिए।

अब मैं हरिजनों की शैक्षणिक अवस्था के सम्बन्ध में निवेदन करना चाहूंगा। इस क्षेत्र में कुछ प्रगति हो रही है लेकिन उसमें भी बहुत सी बाधायें उपस्थित होती हैं। सबसे प्रमुख बाधा है—आर्थिक अवस्था। जो भी थोड़ा पढ़ा-लिखा आदमी आगे बढ़ता है तो उसको नौकरी मिल जाती है लेकिन पढ़ाई-लिखाई के सम्बन्ध में भी मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि 15 साल पहले सरकार ने जो शिक्षा-वृत्ति मुकर्रर की थी वही आज भी चल रही है। चूंकि—लगातार महंगाई बढ़ रही है इसलिए जगह-जगह पर, कारखानों में और दूसरी जगहों पर—भत्ते बढ़ा दिए गए हैं। यहां तक कि संसत्सदस्यों के भत्ते भी बढ़ा दिये

[श्री काम्बले]

गए हैं लेकिन हरिजनों को 15 साल पहले जो शिक्षावृत्ति स्कूलों तथा कालेजों में मिलती थी, आज भी वही मिल रही है। सरकार से मेरा अनुरोध है कि 15 साल पहले मुकर्रर की गई शिक्षावृत्ति को बढ़ा देना चाहिए ताकि बच्चे आसानी से पढ़ सकें।

अब मैं सामाजिक जीवन के बारे में कुछ निवेदन करना चाहता हूं। यह मसला जो हमारे सामने आता है वह कोई आज की चीज नहीं है। आजादी के 23 साल के बाद भी इस देश के सामाजिक जीवन में आज के जमाने में भी उनको अछूत कहा जाता है जोकि हमारे लिए और इस देश के लिये लज्जा की बात है। क्यों ऐसा होता है? इसका कारण यह है कि हमारे देश में एक रूढ़ि परम्परा चली आ रही है। कुछ पाखंडी लोग धर्म ग्रंथों तथा पुराण पोथियों को लेकर इस बात का प्रचार गांवों में करते हैं जिसके कारण आज भी उन लोगों को इन्सान नहीं समझा जाता है। देवालयों में प्रवेश निषेध तथा कुओं पर पानी न भरने देने जैसी छोटी-छोटी बातें आज भी चल रही हैं। गांधी शताब्दी के वर्ष में कितने ही हरिजनों को मारा गया है। मैं पूछता हूं वह मारने वाले कौन हैं? शैड्यूल्ड कास्ट पर जुल्म करने वाले वे कौन लोग हैं? क्या वे क्रिश्चियन हैं, मुसलमान हैं या अन्य लोग हैं? मेरे ख्याल में उनको मारने वाले हिन्दू समाज के लोग हैं। ...(**व्यवधान**)... तो इस बात की जांच होनी चाहिए कि ऐसा क्यों होता है? समाज में जो यह बीमारी लगी हुई है, छूत अछूत का जो मसला है...(**व्यवधान**)... मैं अधिक समय नहीं लूंगा, मैं समाप्त कर रहा हूं। गांधी जी ने हरिजनों के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया—हरिजनों में रहना, झाड़ू मारना बल्कि उन्होंने यहां तक कहा था कि अगर मेरा पुनर्जन्म हो तो वह हरिजन, भंगी के घर में हो। लेकिन आज आजादी के 23 साल आगे बढ़ने के बाद भी समाज में जो दशा देखने को मिलती है उससे बढ़कर और कोई पाप हो नहीं सकता है। डा० अम्बेडकर ने इसीलिए हिन्दू धर्म छोड़ दिया। आखिर हिन्दू धर्म की खासियत क्या है? जब तक राम कृष्ण को मानते हैं तब तक हिन्दू धर्मी कहलाते हैं लेकिन उनसे लोग दूर रहते हैं परन्तु जब वही क्रिश्चियन बन जाते हैं या मुसलमान बन जाते हैं तो उनसे हाथ मिलाने के लिए आगे बढ़ जाते हैं। हिन्दू धर्म की यह विडम्बना है। मैं हिन्दू धर्म की दुहाई देने वालों से पूछना चाहता हूं कि इससे आप हिन्दू धर्म को खोखला कर रहे हैं या हिन्दू धर्म को बढ़ावा दे रहे हैं, उस धर्म की इज्जत बढ़ा रहे हैं। इसी कारण इस देश के लाखों हरिजनों ने अन्य धर्मों को स्वीकार कर लिया है। इसीलिए अम्बेदकर जी ने इस बात पर जोर दिया था। मेरा अनुरोध है कि सरकार इस ओर ध्यान दे। जो भी कड़े से कड़े कानून बन सकते हैं उनको सरकार बनाये और उनपर सख्ती से अमल करे लेकिन केवल कानूनों से ही यह होने वाला नहीं है। कानून तो केवल इसमें सहायता ही करेंगे। लोगों के दिमाग में यह जो बीमारी बैठी हुई उसके खिलाफ प्रचार होना चाहिए—रेडियो के द्वारा, पैम्फलेट्स के द्वारा और फिल्मों के द्वारा इन बातों का प्रचार होना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री देवराव पाटिल: रेडियो से तो इसका प्रचार बन्द ही है। ...(**व्यवधान**)...

श्री काम्बले: तो मेरा कहना यह है कि अगर इस प्रकार से काम किया जाये तो इसमें सफलता मिल सकती है।

अब मैं सामाजिक असमानता दूर करने के सम्बन्ध में कुछ सुझाव देना चाहता हूं। जितने भी कैबिनेट मिनिस्टर या स्टेट मिनिस्टर्स इत्यादि हैं उनके घरों में जो सर्वेंट्स हैं, खाना पकाने वाले हैं वह सब हरिजन होने चाहिएं। सामाजिक विषमता दूर करने का कार्य हमको

अपने ही से शुरू करना चाहिए तभी हम इसमें सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार से होटलों में तथा रेलवे रेस्टोरेन्ट्स में खाना पकाने वाले हरिजन होने चाहिए। तभी खाने पीने वालों के दिमाग में यह बात बैठ सकेगी कि ये भी हमारे एक अंग हैं, इनके साथ हमें उठना बैठना पड़ेगा और इनके बिना हमारा काम चलने वाला नहीं है। इसी प्रकार से हम हरिजनों के मसले को हल कर सकते हैं। ...(**व्यवधान**)...

सभापति महोदय : आप एक बात सुन लीजिए। अभी लिस्ट के ऊपर जितने वक्ता हैं अगर वे सभी अपने टाइम से ज्यादा समय ले लेंगे तो फिर आप लोग मिनिस्टर को नहीं सुन सकेंगे।...(**व्यवधान**)...बहुत सी पार्टीज के लोग अभी बोलने वाले हैं। आप सभी लोगों की यह इच्छा है कि मिनिस्टर साहब आपका जवाब दें तो मैं आप से निवेदन करूंगा कि कम से कम समय आप लोग लें और जो प्वाइन्ट्स सदन के सामने आ चुके हैं उनको रिपीट न करें, नये प्वाइन्ट्स ही लायें।...(**व्यवधान**)...

श्री मोलहू प्रसाद : आप कम से कम वक्ता महोदय को कुछ विषय का ज्ञान तो करा दें। जिन रिपोर्ट्स पर यहां बहस हो रही है उनकी रिकमेंडेशन्स को वह लागू करवाना चाहते हैं या नहीं ? माननीय सदस्य जितनी आलोचना कर रहे हैं उससे अधिक आलोचना तो इन रिपोर्ट्स में ही की गई है। उनको शायद इस बात का पता नहीं है।

श्री काम्बले : अब मैं अस्पृश्यता निवारण के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहता हूं। जितने देवालय हैं, मंदिर है वहां पर सरकार की ओर से इस बात की व्यवस्था की जाये कि जो भी लोग कानून का उल्लंघन करेंगे किसी को रोकेंगे तो उनको सजा मिलेगी। इसी प्रकार से देवालयों पर, होटलों पर, जहां पर भी जातिवादी नाम लिखे जाते हैं, जैसे ब्राह्मण होटल, खत्री होटल, यह सब बन्द होने चाहिए। इसी तरह से जो सरनेम लिखे जाते हैं जैसे शास्त्री, खत्री, वर्मा, शर्मा आदि, यह सब बन्द होने चाहिये ताकि इस बात का पता ही किसी को न लग सके कौन किस जाति का आदमी है।

आखिर में मैं राजनीतिक पहलू पर कुछ कह कर खत्म करूंगा (**व्यवधान**)। हरिजनों और आदिवासियों के लिये चूंकि कई स्थानों पर रिजर्वेशन है, पार्लियामेंट के लिये रिजर्वेशन है, विधान सभाओं में रिजर्वेशन है इसलिये कुछ लोग आ जाते हैं। यह कम्पल्शन के कारण है। लेकिन जहां पर रिजर्वेशन नहीं है, जैसे राज्य सभा के बारे में मेरे मित्र ने कहा, वहां रिजर्वेशन रखना जरूरी है। नहीं तो इन लोगों को पार्टी के लीडर का मुंह देखना पड़ता है, उसकी दया पर ही वह आ सकते हैं। इसलिये राज्य सभा के लिये भी यह कम्पल्शन कर दिया जाये, यह जरूरी कर दिया जाये। इसी तरह से जहां विधान परिषद है वहां पर भी रिजर्वेशन नहीं है। वहां पर भी जो पार्टी का प्रमुख होता है उस पर इन लोगों को निर्भर करना पड़ता है। जितनी भी इस तरह की जगहें हैं वहां पर उनके लिये रिजर्वेशन होना चाहिये। पंचायत समितियां हैं, जिला परिषद हैं, जहां जहां पर रिजर्वेशन नहीं है वहां हरिजन आदिवासियों के लिये स्थान का रिजर्वेशन करना चाहिये।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति महोदय, आजादी के 23 साल बीत चुके परन्तु आज भी इस सदन में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों की समस्याओं पर, उनकी मांगों के सिलसिले में, विचार कर रहे हैं। होना तो यह चाहिये था कि 23 वर्षों के अन्दर उनके जीवन में, आर्थिक जीवन में, सामाजिक जीवन में, सांस्कृतिक जीवन में आमूल परिवर्तन हो जाता, लेकिन ऐसी बात नहीं हुई। इसीलिये हम समितियों की रिपोर्टों के ऊपर बहस कर रहे हैं।

[श्री रामावतार शास्त्री]

सबसे पहले मैं इस बात की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं कि जो भी थोड़े बहुत काम किये गये हैं, या किये जा रहे हैं, वह बहुत ही नाकाफी हैं और उनसे हरिजनों और आदिवासियों की बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं होगा । इसके लिये यह आवश्यक है कि उन्हें अपने पांवों पर खड़ा करने के लिये, समाज में सिर उठाकर, सीना तान कर चलने में समर्थ बनाया जाये ।

सभापति महोदय : श्री मोलहू प्रसाद ने बड़ा पर्टिनेन्ट सवाल उठाया है । यह जो बहस हो रही है उस पर बहुत से लोग बोले हैं और जो नहीं बोल पाये हैं उनको मैं बुलाऊंगा, लेकिन मेरा आपसे कहना यह है कि मैं मिनिस्टर साहब को जरूर बुलाऊंगा, अगर कुछ लोग रह भी जायेंगे तो भी उनको बुलाऊंगा क्योंकि श्री मोलहू प्रसाद और दूसरे लोग भी चाहते हैं कि शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राइब के लोगों के बारे में मिनिस्टर साहब जरूर जवाब दें । इस लिये आप लोग पांच या दस मिनट से ज्यादा न बोलें और रिपोर्ट पर ही बोलें ।

श्री रामावतार शास्त्री : मैं रिपोर्ट पर ही बोल रहा हूं ।

बुनियादी सवाल यह है कि उनको आर्थिक रूप से और सामाजिक रूप से अपने पांवों पर खड़ा होना चाहिये । जहां तक मेरी जानकारी है हमारे देश के अन्दर 31 फीसदी लोग भूमिहीन हैं, जिन में विशाल बहुमत हरिजनों और आदिवासियों का है । थोड़े बहुत पिछड़ी जातियों के लोग भी हैं । जब तक हम उनको अपने पांवों पर खड़ा नहीं करेंगे उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा । इसके लिये आवश्यक है कि हमारे देश में सरकार के पास, या जमीदारों के पास अथवा बड़े-बड़े जमीन मालिकों के पास जो फुजूल जमीन पड़ी हुई है, उसको उनसे लेकर हम इन लोगों के बीच में बांट दें । यह आन्दोलन अभी चला और देश में इस समय भी चल रहा है और आगे भी चलता रहेगा जब तक कि हम इस समस्या का समाधान नहीं करेंगे ।

लेकिन जब हरिजनों और आदिवासियों को जमीन देने की बात आती है, जब वे आन्दोलन करके, अपने संगठन बना कर के, अपने हाथ में लाठी लेकर के अपनी जमीनों की हिफाजत करने जाते हैं तो निहित स्वार्थ के लोग जमीनों पर से कब्जा छोड़ना नहीं चाहते । उन लोगों के खिलाफ आवाज लगाई जाती है और यहां भी लगती है। मैं चाहूंगा कि हरिजनों और आदिवासियों में जो नई जिन्दगी पैदा हो रही है अपने अधिकार प्राप्त करने के लिये उसकी तरफ सरकार का भी ध्यान जाय और उसको भी उनकी मदद करनी चाहिए । लेकिन दुःख की बात है कि यह बात तो हो नहीं रही है ।

पिछले दिनों हरिजनों और आदिवासियों पर जो अत्याचार हुए उसकी तरफ भी मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं । पहले तो मैं बिहार की बात बतलाऊंगा, लेकिन उत्तर प्रदेश में भी उसी तरह हुआ, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश तथा अन्य सूबों में भी इसी तरह हुआ । गुजरात में भी हुआ । सबसे पहले तो मैं यह कहना चाहूंगा कि जब वह अपनी स्थिति में सुधार करने के लिये संघर्ष करते हैं तब उन्हें दबाया जाता है, उनका उत्पीड़न किया जाता है । सामाजिक उत्पीड़न किया जाता है, जिसको सोशल आप्रेशन कहते हैं । उनको दूसरे लोगों के साथ तन कर बात करने की इजाजत नहीं दी जाती और उनको तरह-तरह से दबाया जाता है, उनके आत्म-सम्मान को कुचला जाता है । अभी जब जमीन की लड़ाई चल रही थी तब मुंगेर जिले के अन्तर्गत बखरी थाना के कुम्हारसों ग्राम के पचास हरिजनों की झोपड़ियों को जमीदारों ने जला दिया । उन लोगों ने अपनी झोपड़ियों को सरकार की परती भूमि पर लगाया था । इस तरह की बात

वहां हुई लेकिन एक भी आदमी को गिरफ्तार नहीं किया गया, उल्टे 52 हरिजनों को गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया गया। इसी तरह मुंगेर जिले के ही चौथम थाने के कैथी पंचायत के अन्तर्गत नवटोलिया ग्राम के 22 हरिजनों की झोपड़ियां जला दी गईं।

सभापति महोदय : आप रिपोर्ट पर बोलिये।

श्री रामावतार शास्त्री : मैं वही कर रहा हूं। इसी तरीके से पटना जिले के राजगीर थाने में हरिजनों की दर्जनों झोपड़ियों को एक बड़े जमीन मालिक ने जलवा दिया। उमरपुर दियारा में दो-तीन व्यक्ति मारे गये। उत्तर प्रदेश के जमीदारों ने तीन हरिजनों को लोगों के सामने कत्ल कर दिया, लेकिन आज वे छुट्टा घूम रहे हैं। इसी तरीके से मैं आपको बतलाऊं कि गुजरात में हरिजनों के ऊपर जो जुल्म हुआ है उसके बारे में एक प्रतिनिधि-मंडल प्रधान मंत्री से मिल चुका है। उन्होंने अपना मेमोरैन्डम भी दिया है।

अगर इस तरह से देखा जाय तो पिछले वर्षों में नहीं, पिछले महीनों में 1112 हरिजनों को विभिन्न राज्यों में खत्म किया गया। एक तरफ तो रिपोर्टों में उनकी स्थिति सुधारने की बात कही जाती है, काका कालेलकर की रिपोर्ट थी, ढेबर भाई की रिपोर्ट थी और यह पेरूमल कमेटी की रिपोर्ट है जिस पर हम लोग आज बहस कर रहे हैं, उनमें कहा गया है कि हमें उन लोगों के साथ मानवता का व्यवहार करना चाहिए क्योंकि वे जानवर नहीं हैं, आदमी हैं, दूसरी तरफ 1112 हरिजनों की हत्यायें की गईं, जिनमें सबसे अधिक उत्तर प्रदेश में की गईं। उसके बाद मध्य प्रदेश में, यानी जहां अभी सामन्त-वादी दबदबा ज्यादा है वहां हरिजनों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है।

इसलिये मेरा कहना है कि आप उनको आर्थिक रूप से खड़ा कीजिए, उनको उद्योग धन्धों में लगाइये, उन्हें नौकरियां दीजिए। आप कहते हैं कि उनके लिए रिजर्वेशन का सवाल है, लेकिन क्या वह सचमुच लागू हुआ है। आज रिजर्वेशन का अनुपात उनके लिए बहुत कम है। अनुपात को बढ़ाइये और साथ-साथ उसे लागू कीजिए।

मैं बिहार की बात करता हूं। वहां राज्य ट्रांस्पोर्ट में एक लिस्ट निकाली गई थी तीन सौ लोगों की। उसमें हरिजनों की भी लिस्ट थी। उन्हें भरती नहीं किया गया। उनके नामों को नीचे कर दिया गया और दूसरों के नामों को ऊपर कर दिया गया और ऊपर वाले दूसरे लोगों को भरती कर लिया गया। इस तरह का पक्षपात, मनमानी जो होती है, यह बन्द होनी चाहिये। कहने के लिए अधिकार तो इन्हें प्राप्त हैं लेकिन अमल में उनको वे अधिकार दिये नहीं जाते हैं।

आवास की समस्या भी बहुत गम्भीर है। आप जानते ही हैं कि देहातों में तो नहीं के बराबर इनके लिए प्रबन्ध किया गया है। शहरों में भी बहुत ही कम व्यवस्था आवास की की गई है। खुद आपके आवास मंत्री ने एक लेख लिखा था जोकि कई अखबारों में छपा था। उस लेख में उन्होंने कहा है :

> "The housing conditions in the rural areas are almost dismal. It has been estimated that there are about 105 lakh households of landless rural labour including about 86.4 lakh agricultural labour who have no houses of their own. Although Village Housing Projects scheme was introduced in 1957 the funds utilised so far work out to hardly 49 per cent of even the inadequate allocations made from time to time. Hardly 46,000 houses have been built under the Scheme."

इस तमाम हाउसिंग का आम तौर पर हरिजनों की तरफ इशारा है। यह स्थिति है

[श्री रामावतार शास्त्री]

23 वर्ष की आजादी के बाद भी। जो ज़मीन की लड़ाई चली है उसमें लाखों किसानों को हम लोगों ने आन्दोलन करके ज़मीन दिलाई है, उन्हें पचियां दिलाई हैं। आवास की जो समस्या है, रहने के लिए मकानों की जो समस्या है इसकी तरफ भी आपका ध्यान जाना बहुत जरूरी है।

सेना में भरती की बात की जाती है। यह कहा जाता है कि जो कोई भी जाता है उसको सेना में भरती कर लिया जाता है, किसी के ऊपर कोई रुकावट नहीं है। मैं जानना चाहता हूं कि सेना में कितने प्रतिशत हरिजनों और आदिवासियों को आपने भरती किया है।

उसी तरह के शिक्षा के क्षेत्र में आपने कहा है कि छात्रवृत्तियां बढ़ाई गई हैं। मुझे कई छात्रवृत्ति समितियों में जाने का मौका मिला है। मैंने देखा है कि छात्रवृत्तियां बहुत कम दी जाती हैं। छात्रवृत्तियों की राशि बढ़ाने की कई सदस्यों ने मांग की है। मैं भी मांग करता हूं कि उसकी राशि बढ़ाई जाए। जो रकम दी जाती है उसमें से आफिस के बाबू लोग काफी रकम ले जाते हैं और इस प्रकार पूरी रकम उन तक नहीं पहुंच पाती है। सही मानों में उनको वह सारा पैसा मिले, उन पर वह इस्तेमाल हो, इसको भी आपको देखना होगा।

आवास के लिए ज़मीन देने की बात बहुत महत्त्वपूर्ण है। बिहार में मनीलैंडर्ज़ दिन रात हरिजनों और आदिवासियों की ज़मीनों को छीनते जा रहे हैं। इसकी व्यवस्था होनी चाहिए कि उनसे जमीन छीनी न जाए और जो ज़मीन पिछले वर्षों में छीनी गई है, वह ज़मीन उनसे छीनकर वापिस हरिजनों और आदिवासियों को दी जानी चाहिए।

शहरों में हरिजनों की जो आवास की समस्या है उसकी तरफ भी आपका ध्यान जाना चाहिए। हाउसिंग मंत्रालय की जो परामर्श दात्री समिति है उसकी बैठक जयपुर में हुई थी। उसमें श्री के० के० शाह ने घोषणा की थी कि शहरों में जो लोग जिस ज़मीन पर बसे हुए हैं उनको हम अधिकार देंगे कि वे बसे रह सकें। बिहार के पटना में पच्चीस हज़ार सरकारी नौकरी में जो लोग हैं जो मोस्टली हरिजन हैं उन्हें उजाड़ने की कोशिश हुई थी। हम लोगों ने संघर्ष किया। इसका नतीजा यह हुआ कि वहां के मुख्य मंत्री ने इसको 35 सूत्री कार्यक्रम में स्थान दिया और यह एलान किया कि हम उनको शहरों में भी ज़मीन देंगे। मेरा निवेदन है कि शहरों में जहां-जहां भी हरिजन और आदिवासी बसें हुए हैं चाहे वह सरकारी ज़मीन हो या किसी और की ज़मीन हो उस ज़मीन को उनको आप दिलवाने की कोशिश करें।

मैं आशा करता हूं कि मेरे इन सुझावों पर ध्यान दिया जाएगा और यदि ऐसा किया गया तभी ये जो समस्यायें हैं इनका समाधान निकल सकेगा।

श्री राम चरण (खुर्जा) : मैं पूछना चाहता हूं कि कितना इसके लिए समय बाकी है और कितना समय दोनों मंत्री लेंगे ? क्या हाउस कल भी कंटिन्यू रखा जायेगा ?

सभापति महोदय : आप चलने दें। तीन महीने भी चले तब भी लोगों को ग्रीवेंस रहेगा।

श्री राम चरण : मैं जानना चाहता हूं कि जवाब देने में कितना समय वे लेंगे ? कितना समय आप क्वैश्चंज पूछने के लिए रखेंगे। आप समय का सही वितरण करें।

सभापति महोदय : हम नहीं बताएंगे। क्या प्रोसीजर हमने अपनाया हुआ है, इसको हम नहीं बताएंगे। आप बैठ जाएं।

श्री राम चरण : इसको बताने में क्या हर्ज है ?

श्रीमती सावित्री श्याम (आंवला) : सभापति महोदय, सदन में हरिजनों और आदिवासियों के सम्बन्ध में काफी लम्बे समय से वाद-विवाद चल रहा है । ऐसा प्रतीत होता है कि 23 साल की आजादी के बाद आज इनको यह एहसास हुआ है कि इस देश के प्रतिशत लोग ऐसे हैं जिन्हें आज भी मकान, रोटी, पानी, चिकित्सा, शिक्षा आय आदि, की सुविधायें प्राप्त नहीं हुई हैं । किसी भी आजाद देश के लिए यह गौरव की बात नहीं हो सकती है । लज्जा की बात ही हो सकती है ।

लोमहर्षक घटनाओं का विवरण यहां दिया गया है । कैसे मासूम बच्चों की होली जलाई जाती है, अग्नि की शिखा प्रज्वलित की जाती है । हमारी बहनें हैं जिनके पास पहनने के लिए कपड़ा नहीं होता है और एक ही कपड़ा पहन करके अपनी लाज छिपाती फिरती हैं । हरिजन भाइयों को दिन रात मेहनत करने के बाद भी भूखे सो जाना पड़ता है, क्या यह सब इस देश के लिए गौरव की बात है । इस तरह की मिसालें विश्व के इतिहास में आपको देखने को नहीं मिल सकती हैं । इतना उत्पीड़न सहने पर भी और सदियों के सहते हुए रहने पर भी, कसकते और सिसकते रहने पर भी, चुप रहने पर भी आज भी वे अपने आपको हिन्दू कहते हैं । मैं जानना चाहती हूं कि क्या इससे बड़ी बलिदान की मिसाल दुनिया के किसी और देश में आपको मिल सकती है ?

अभी दो तीन दिन पहले यहां पर काफी प्रिवी पर्स पर कहा गया था । यह कहा गया था कि ये राष्ट्रीय वादे हैं, ये कांस्टीट्यूशनल कमिटमेंट्स हैं, ये मारेली वाईंडिंग हैं । बहुत बड़ी-बड़ी बातें कही गईं, मिसालें दी गईं । मैं जानना चाहती हूं सरकार से भी और दूसरी पार्टियों से भी और विशेषकर अटल जी से भी क्या हरिजनों के साथ आपने 23 साल पहले कुछ वादे नहीं किए थे और अगर किए थे तो क्या यह सच नहीं है कि उन सबको आपने भुला दिया है ? अगर उनको पूरा करने के लिए सख्ती बरती होती, कनवैंसिंग किया होता, पूरी ताकत से अटल जी ने वकालत की होती तो क्या भारतवर्ष का नक्शा बदल नहीं सकता था ? तब क्या यह हरिजनों और आदिवासियों को लेकर जो एक कलंक इस देश पर लगा हुआ है, मिट नहीं सकता था ? लेकिन हमने वह शक्ति नहीं लगाई । हमने शक्ति लगाई वैस्टिड इंटरेस्ट्स को कायम रखने के लिए देश में ।

लैंड ग्रैब मूवमेंट यहां चला । कुछ पार्टियों ने उस में हिस्सा लिया । राज्य सरकारों ने और केन्द्रिय सरकार ने भी उसको दबाने की कोशिश की । ये लोग ला को तोड़ने वाले थे, ऐसा करके इन्होंने ला को तोड़ा है । मैं मानती हूं कि कानून तोड़ना गलत है, इससे शान्ति भंग होती है । लेकिन मैं जानना चाहती हूं केन्द्रीय सरकार से भी और दूसरी पार्टियों से भी जो दकियानूसी कानूनों के रक्षक हैं, अगर संविधान के अन्दर जो चीज इनके अनुसार नहीं है, उसका सुधार कैसे हो ? अगर सुधार कोई करना है तो या तो वह ऊपर से हो सकता है या फिर नीचे से हो सकता है । अगर ऊपर से सुधार लाना हो तो ऐसे कानून बनाने पड़ेंगे जिन से लोगों का जीवन सुखी बने, सम्पन्नता देश में आए और जीवन-स्तर सुधरे । अगर ऐसा नहीं होता तो फिर नीचे जनता को कानून अपने हाथ में लेना पड़ेगा और उसको ऐसा करने से आप रोक नहीं सकेंगे । उस अवस्था में उसको चाहे आप लैंड ग्रैब की संज्ञा दें या कोई और संज्ञा दें ।

गांधी जी ने 1931 में आह्वान किया था हम महिलाओं और हरिजनों को बाहर निकाला था । हम लोगों ने स्वतंत्रता की

[श्री सावित्री श्याम]

लड़ाई में उनका साथ दिया था । उनकी भावनाओं को, उनकी अभिलाषाओं को अलंकृत किया संविधान की धाराओं से । लेकिन संविधान की इन धाराओं की हरिजनों और आदिवासियों को लेकर जितनी अवहेलना की गई है उतनी शायद किसी और के लिए नहीं की गई है ।

पेरूमल कमेटी की रिपोर्ट एक ठोस रिपोर्ट है । उन्होंने बड़ा दौरा किया । जगह जगह जा कर हालात को देखा । आज भी मैसूर में मन्दिरों में लोगों को जाने नहीं दिया जाता है । मध्य प्रदेश में जहां मुख्य-मंत्री ने एलान किया है कि ज़मीन बांटी ज़ाएगी, वहां पर हरिजनों आदि को ऐसे स्थान पर धकेल दिया गया है, फेंक दिया गया है जहां पर ज़रा सी भी ज़मीन नहीं है । वहां पर मुख्य-मंत्री क्या बांटेंगे ? उत्तर प्रदेश के अन्दर आज भी लोगों से बेगार ली जाती है । हैदराबाद में ऐसे लोग मौजूद हैं जो कि कुओं से हरिजनों को पानी नहीं भरने देते हैं । लाइन लगी रहती है लेकिन पानी नहीं मिल सकता है । इस तरह की और भी कई मिसाले हैं । शैड्यूल्ड कास्ट के कमिश्नर भी हैं और सोशल वैलफेयर बोर्ड भी है । कमेटी ने रिपोर्ट देनी थी लेकिन जब वह कमेटी वहां गई एवीडेंस लेने के लिए तो वह एवीडेंस रिकार्ड नहीं कर सको । सरकार ने सैंट्रल सोशल वैलफेयर बोर्ड को तीन योजनाओं में 8 करोड़ रुपये दिये, लेकिन उसने एविडेंस देने से इन्कार कर दिया । उसको जो 8 करोड़ रुपये दिए गए, वे लैप्स कर दिए गए । मैं नहीं जानती कि उन संस्थाओं के बनाने और ऐसे कमिश्नरों को नियुक्त करने से क्या लाभ है, जो हरिजनों का भला नहीं कर सकते, जो उनके लिए कोई काम नहीं कर सकते ।

16 hrs.

मेरा निवेदन है कि मंत्री महोदय इस कमेटी की रिपोर्ट को ध्यान से देखें और उसमें जो अच्छे सुझाव दिए गए हैं, वह उनको कार्यान्वित करें । हमारे संविधान में अनटचेबिलिटी की कोई परिभाषा नहीं है । लेकिन पेरूमल कमेटी की रिपोर्ट में अनटचेबिलिटी को डिफाइन किया गया है ।

उन्होंने कहा है कि जो लोग धर्म-परिवर्तन कर लें, जो क्रिश्चियन बन जायें, वे भी शैड्यूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राइब्ज में सम्मिलित रहेंगे । इसके साफ-साफ माने ये हैं कि जो ग्रान्ट्स या अनुदान केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारें देंगी, वे 95 फीसदी उन लोगों के पास जायेंगी, जो क्रिश्चियन हो गए हैं और जिनको दूसरी तरफ से भी बहुत सी सहायता मिलती है और 5 फीसदी उन सब हरिजनों के लिए रह जायेगी, जो केवल सरकार पर निर्भर करते हैं ।

अनटचेबिलिटी एक्ट के सम्बन्ध में उन्होंने कहा है कि जब से यह एक्ट बना है, तब से केवल एक व्यक्ति पर दो रुपये का जुर्माना हुआ है । क्या यह कानून है ? क्या केन्द्र या राज्य सरकारों के अफसरों को ऐसे कोई व्यक्ति नहीं मिले, जिन्होंने इस कानून को तोड़ा और जिन पर जुर्माना किया जाता ? जो लोग अनटचेबिलिटी एक्ट को तोड़ें या उसको इम्प्लीमेंट न करें, उनको छः महीने तक की कैद और पांच सौ रुपये तक जुर्माना होना चाहिए ।

सरकार ने जो ग्रान्ट दी है, उससे शिक्षा बढ़ी है और होस्टल खुले हैं, लेकिन उससे सेग्रीगेशन और आइसोलेशन पैदा हो गया है, हरिजन होस्टल, हरिजन कुएं और हरिजन बस्तियां बन गई हैं । इस की क्या जरूरत थी ? पहले इतना सेग्रीगेशन नहीं था, जितना कि यह ग्रान्ट देने से, और आजादी के बाद, हो गया है । अब होस्टलों पर यह छाप पड़ गई है कि इसमें हरिजन लड़के या लड़कियां रहती हैं । इस तरह के सेग्रीगेशन को मिटाना चाहिए ।

ला मिनिस्ट्री और सोशल वैलफेयर मिनिस्ट्री को एक जगह मिलाने की जरूरत नहीं है । हरिजनों और आदिवासियों के कल्याण के लिए एक अलग मिनिस्ट्री बनाई जानी चाहिए और वह ऐसे मिनिस्टर के तहत होनी चाहिए, जो हरिजन हो, जो समझ सके कि हरिजनों की वास्तविक कठिनाइयां क्या हैं, जिसके दिल में उनके लिए सहानुभूति और दर्द हो ।

श्री रामजी राम (अकबरपुर) : सभापति महोदय, एलिया पेरूमल कमेटी की रिपोर्ट हमारे संविधान में निहित संकल्पों के आधार पर है । उस में जो सुझाव दिए गए हैं, अगर सरकार वाकई उन पर अमल करे, तो हम समझते हैं कि स्थिति में सुधार हो सकता है । मैं आपके माध्यम से इस सदन के सामने एक ऐसी बात रखना चाहता हूं, जिस की सारी जिम्मेदारी न सिर्फ सरकार पर है, बल्कि सदन के सदस्यों पर भी है ।

जहां तक अस्पृश्यता का सम्बन्ध है, प्रश्न यह है कि यह समस्या कहां से उभर कर आई है । मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि जो सामाजिक बन्धनों की कंटीली झाड़ियों से घिरा हुआ हिन्दू धर्म है, उसमें शैड्यूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राइब्ज कामधेनु, दुधारू गाय, के समान हैं, जिसपर ब्राह्मणवाद और पुरोहितवाद रूपी शेर का नाखुनी पंजा गड़ा हुआ है । जब तक ब्राह्मणवाद और पुरोहितवाद का नाखुनी पंजा और दांत नहीं निकाला जायेगा, तब तक अनुसूचित जातियों की समस्या हल नहीं की जा सकेगी ।

जब मैं नाम लेता हूं अपने सम्मानित सदस्य, श्री अटल बिहारी का, तो मैं गर्व से फूल जाता हूं, लेकिन जब मैं श्री अटल बिहारी वाजपेयी का नाम लेता हूं, तो मैं झिझक और दब जाता हूं । जब मैं नाम लेता हूं सरजू भाई साहब का, तो मैं गर्व से आगे बढ़ जाता हूं, लेकिन जब मैं नाम लेता हूं श्री सरजू पाण्डेय का, तो मैं कुछ झुक जाता हूं । जब मैं नाम लेता हूं श्री विद्या चरण जी का, जो हमको बहुत मानते हैं, तो मेरे अन्दर उत्साह पैदा होता है, लेकिन जब मैं नाम लेता हूं श्री विद्या चरण शुक्ल का, तो मैं दब जाता हूं । आखिर इसका आधार क्या है ? "किसी तरह न गई जब चमन की तारीकी, लगा ली आग नशेमन में रोशनी के लिए" ।

जो लोग नक्सलाइट मूवमेंट की बात करते हैं, वे सच्चाई के साथ यह देखने की कोशिश करें कि यह शैड्यूल्ड कास्ट्स की प्राबलम, यह अस्पृश्यता की समस्या, उभर कर कहां से आई । यह हिन्दू समाज और हिन्दू धर्म से आई है । बताया गया है कि तीन सालों में पूरे देश में 1122 हरिजन मारे गये हैं । यह तो बड़ी खुशी की बात है । हम समझते हैं कि जब दस हजार या बीस हजार हरिजन मारे जायेंगे, तब जाकर हरिजनों की समस्यायें हल होंगी । मैं सफाई के साथ कहना चाहता हूं कि हिन्दू धर्म का आधार ही यह है कि भगवान् अवतार क्यों लेता है ...(**व्यवधान**)...ये नहीं मानते हैं, लेकिन चाहे इधर के हों और चाहे उधर के, उन सबके घर वाले मानते हैं ।

हमारे आदरणीय राष्ट्रपति महोदय की निजी तौर पर जिस धर्म में आस्था है, हमारा उससे कोई सरोकार नहीं है ।**

सभापति महोदय : माननीय सदस्य ने प्रैजिडेंट का जो रेफरेंस दिया है, वह एक्सपंज कर दिया जाए ।

श्री रामजी राम : सभापति महोदय, आपने जो कुछ रिकार्ड कराना है, वह रिकार्ड

** Expunged as ordered by the Chair.

[श्री रामजी राम]

करा दीजिए और मुझे जो कुछ कहना है, वह मैं कहे देता हूं।

भगवान क्यों अवतार लेता है? "विप्र धेनु सुर सन्त हित लीन्ह मनुज अवतार, निज इच्छा निर्मित तनु, माया, गन, गो पार"। इसका मतलब यह है कि भगवान् सिर्फ विप्र, धेनु और सुर के हित के लिए अवतार लेता है, इन्सानों के हित के लिए नहीं, अछूतों के हित के लिए नहीं। यह मान्यता होने पर अनुसूचित जातियों का उद्धार कैसे हो सकता है?

"सापत ताड़त परुख कहन्ता, विप्र पूज्यं अस गावंहि सन्ता। पूज्य विप्र शील गुन हीना, सूद्र न गुन गन ज्ञान प्रवीना।।" इसमें कहा गया है कि आदमी को सिर्फ विप्र की ही पूजा करनी चाहिए, चाहे उसमें शील और गुण न भी हों।

"ढोल गंवार शूद्र पशु नारी, ये सब ताड़न के अधिकारी। जे वरणाधाम तेलि कुम्हारा, स्वपच किरात कोल कलवारा।।" रामायण और महाभारत में इस किस्म की बातें दी गई हैं। स्मृति में कहा गया है, "स्मी शूद्रो नाधीयताम्।" मैं नहीं समझ पाता हूं कि हमारी धार्मिक पुस्तकों में ऐसी बातों के रहने से अनुसूचित जातियों का उद्धार कैसे होगा।

श्री जनेश्वर मिश्र : माननीय सदस्य ने शायद रामायण का नया एडीशन नहीं पढ़ा है, जिसमें कहा गया है, "ढोर गंवार शूद्र पशु नारी, ये सब कुर्सी के अधिकारी।"

श्री रामजी राम : रामायण में शम्बूक वध की कथा दी गई है और महाभारत में एकलव्य का अंगूठा काटे जाने की कथा है। धार्मिक पुस्तकों में से ये सब बातें निकालनी पड़ेगी। ब्रह्मसूत्र शांकर भाष्य में इसी प्रकार की बातें कही गई हैं और मनुस्मृति में ब्राह्मण और शूद्र के भेद का चरम सीमा पर वर्णन है। उसमें यह आदेश दिया गया है कि शूद्रों के साथ कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। जब तक इन बातों को धार्मिक किताबों में से नहीं निकाला जायेगा, तब तक अनुसूचित जातियों का सही तौर पर उद्धार नहीं हो सकता है।

इस सदन का सवाल नहीं है। आप देश के आठ लाख गांवों में जाकर देखें। हम लोग चुनकर आते हैं और यहां बड़ी लच्छेदार बातें करते हैं, लेकिन गांवों में जाते हैं, तो वहां पर दुबे, चौबे, पंजे, छब्बे, नहले, दहले रहते हैं। और वही जनेऊ...(**व्यवधान**)...**

सभापति महोदय : अब इनकी बात रेकर्ड पर नहीं जायगी। आपका टाइम खत्म हो गया। आप बैठ जाइए। अब आप जो कुछ बोलेंगे वह रेकर्ड पर नहीं जायगा। आप मेहरबानी करके बैठिए, डिस्टर्ब मत करिए।

श्री जी सी नायक।

श्री गु० च० नायक (क्योंझर) : सभापति जी, यह जो हरिजन और आदिवासियों का सवाल यहां आया है इस पर विशेष खेद के साथ मैं बोल रहा हूं क्योंकि मैं खुद आदिवासी हूं और आदिवासी रिजर्व सीट से आया हूं। मैं अपनी फीलिंग्स यहां हाउस के सामने रखना चाहता हूं। यहां आने से पहले तीन दफा 1952 से लगातार मैं उड़ीसा विधान सभा का मेम्बर रहा और यह चौथी दफा यहां चुनकर आया हूं.....

एक माननीय सदस्य : स्वतन्त्र पार्टी से?

श्री गु० च० नायक : हां, स्वतन्त्र पार्टी से और उसी रोज से मैं देख रहा हूं कि

** Not recorded.

हिन्दुस्तान की हर एक पार्टी चाहे वह कोई भी हो जहां भी उनकी अपनी सरकार है वह सिर्फ अपना फायदा देखते हैं, हरिजनों और आदिवासियों की भलाई के लिए सिंसियरली कोई नहीं सोचता है । अभी उड़ीसा में हमारी सरकार है । इससे पहले कांग्रेस सरकार थी। आज उड़ीसा में दो तो हरिजन फुल फ्लेज्ड मिनिस्टर्स हैं कैबिनेट रैंक के और तीन हैं आदिवासी मिनिस्टर कैबिनेट रैंक के और दो हमारे आदिवासी डिप्टी मिनिस्टर हैं। कुल 19 मिनिस्टर्स और डिप्टी मिनिस्टर्स वहां हैं जिसमें यह हमारी सात संख्या है। पहले केवल एक मिनिस्टर और दो डिप्टी मिनिस्टर थे । लेकिन अभी भी जो काम किया जा रहा है उसमें हम पूरे खुश नहीं हैं। जब सेंट परसेंट काम होगा तब हमारा संतोष होगा । मैं किसी दल के लीडर को चाहे वह मेरे दल का हो या और दूसरे किसी भी दल का हो पसन्द नहीं करता क्योंकि यह लोग हमको पूरा-पूरा एक्सप्लायट करते हैं। आप देखिए आर्टिकिल 46 में हमारी एजूकेशन के लिए और एकोनामिक वेलफेयर के लिए जहां कहा है वहीं एक्सप्लायटेशन खत्म करने के लिए भी उसमें कहा है। लेकिन हमारा एक्सप्लायटेशन तो हर एक करता है। सभी पार्टियां करती हैं । लेबर फील्ड में लेबर लीडर जो काम करते हैं कांग्रेस, कम्युनिस्ट-राइट, लेफ्ट, एस० एस० पी०, पी० एस० पी०, मैं इनको सबको देखता हूं क्योंकि मैं भी लेबर फील्ड का आदमी हूं । यह उनसे चन्दा लेते हैं और उसमें से 50 परसेंट अपना जेब खर्च करते हैं। रीजनेबल डिमांड उनकी कभी प्रैस नहीं करते। लेबर फील्ड में अधिकतर हरिजन और आदिवासी काम करते हैं। मैं भी आदिवासी हूं। सारे हिन्दुस्तान में जहां भी माइनिंग इंडस्ट्री होती है वह अधिकतर जंगलों में होती है और जंगलों में वहां आदिवासी लोग रहते हैं। हमारे देश में पाकिस्तान से डिस्प्लेस्ड होकर आए हुए रिफ्यूजी भाइयों की एक बड़ी प्राबलम है। इसी तरह हिन्दुस्तान में जहां यह माईनिंग इंडस्ट्रीज चलती हैं, वहां से इन आदिवासियों को डिस्प्लेस होना पड़ता है और उनकी भी एक बहुत बड़ी प्राबलम हो जाती है। जब माइनिंग इंडस्ट्री कहीं शुरू होती है तो यह लोग वहां से डिस्प्लेस्ड हो जाते हैं। इनका घर और इनकी जमीन सब चली जाती है। इनके लिए जीविका का कोई साधन नहीं रह जाता और यह इधर-उधर मारे-मारे फिरते हैं । कोई इनके लिए पूछने वाला नहीं है। जो कुछ भी जमीन इनकी होती है वह माइनिंग लीग के लिए एक्वायर कर ली जाती है। घर बार सब ले लिया जाता है । और फिर उसको वहां उस इंडस्ट्री में काम भी नहीं मिलता। आप जानते हैं आदिवासी पौड्र कल्टीवेशन ज्यादा करते हैं । लेकिन उनकी जमीन माईनिंग आपरेशन होने के बाद ले ली जाती है तो उनके पास अपना जीवन बसर करने के लिए कोई जरिया नहीं रह जाता। उड़ीसा और बिहार में खास तौर से यह हालत है। वैसे तो सारे हिन्दुस्तान में जहां भी यह इंडस्ट्रीज हैं उनकी यही हालत होती है।

यह जितनी पार्टीज की लेबर यूनियन्स हैं यह कोई लेबर की भलाई नहीं करतीं। यह केवल बड़ी-बड़ी बात करते हैं लेकिन वास्तव में उनकी भलाई का कोई काम नहीं करते। कोई पार्टी, कोई यूनियन नहीं करती। अभी आयरन और माइन्स में जो वेज बोर्ड का एवार्ड हुआ उसमें लेबर लोगों के लिए लाख-लाख रुपये का एवार्ड एम० एम० टी० सी० ने दिया। जितने माइन्स हैं पब्लिक सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर में सब में उसका इम्प्लीमेंटेशन हुआ । केरीबुरू और बोल्लाणी उस जहां कि सेंट्रल गवर्नमेंट का शेयर है उसमें हजार-हजार लेबर काम करते हैं । इसी तरह प्राइवेट सेक्टर में भी बहुत माइन्स हैं, तो यह जो इंटेरिम अवार्ड मिला लाख-लाख रुपये का उसमें से लेबर यूनियन वाले मैनेजमेंट के साथ मिल कर 50 परसेंट तो इन लोगों ने

[श्री गु० च० नायक]

अपने पाकेट खर्च के लिए ले लिया और बाकी 50 परसेंट से 25 परसेंट लेबर लोगों को दिया और बाकी 25 परसेंट अपनी यूनियन के लिए ले लिया । यह सब जो होता है इसकी एन्क्वायरी होनी चाहिए ।...(**व्यवधान**)... इनकी यूनियन को मैं चैलेंज करता हूं कि चलकर हम लोगों का मुकाबिला करें । यह केवल बड़ी-बड़ी बात बोल देते हैं, हरिजन और आदिवासियों की भलाई का कोई काम नहीं करते । अभी मेरे दोस्त रामजी राम बोले, लेकिन मैं उनको याद दिलाना चाहता हूं ।

चाण्डालोपि मुनिश्रेष्ठः
ब्रह्मजानाति ब्राह्मणः ।।

यह हम लोगों के शास्त्र में है । इसलिए मेरा निवेदन है कि हम लोगों के लिए हायर एजूकेशन का इन्तजाम होना चाहिए । हर एक कम्युनिटी के लिए होना चाहिए । हरिजन आदिवासियों को प्रापर एजूकेशन देने के बाद छुआ-छूत अपने आप खत्म होगा । अभी सारे हिन्दुस्तान में जो प्लानिंग चल रही है उस प्लानिंग का कोई मतलब भी नहीं समझता कि यह प्लान है क्या ? इसलिए पहले नम्बर पर एजूकेशन उनको मिलनी चाहिए । अच्छी एजूकेशन नहीं होगी तो उनकी एकोनामिक कंडीशन भी अच्छी नहीं हो सकती । अच्छी एजूकेशन होने पर उनकी एकोनामिक कंडीशन भी अच्छी होगी और वह आपकी प्लानिंग को भी समझ सकेंगे ।

अभी एक माननीय सदस्या बोलीं कि आदिवासियों के पास पहनने के लिए कपड़े नहीं हैं । आपको सुनकर ताज्जुब होगा हम लोगों के स्टेट में आदिवासी आज भी नंगे रहते हैं । उनके पास न पहनने के लिए कपड़े हैं न रहने के लिए मकान है । मेरी कांस्टीट्यूएंसी में जुआंग और भुइयां जाति के आदिवासी हैं जो एकोनामिकली और शिक्षा के मामले में बहुत पिछड़े हुए हैं । 23 साल के बाद भी मेरी कांस्टीच्यून्सी में भुइयां कम्युनिटी से केवल दो आदमी ग्रेज्युएट हुए । जुआंग का तो अभी कोई मैट्रिक भी नहीं हुआ । तो वह जो दो ग्रेज्युएट थे उन में से एक को नौकरी मिली थी स्टेट गवर्नमेंट में डिस्ट्रिक्ट लेबर आफिसर की । जब कांग्रेस सरकार थी तब की बात है । लेकिन क्या हुआ कि उसी सरकार के वक्त में एक क्लिक बनाकर उसका रेकार्ड खराब कर दिया और उसको डिग्रेड कर दिया । उसको असिस्टेंट लेबर आफिसर बना दिया । अभी हम लोगों की सरकार आने के बाद भी उसको सुधारना मुश्किल हो गया क्योंकि उसका रेकर्ड पहले ही उन्होंने इतना खराब कर दिया था ।

तो यह सभी लोग इनके लिए खाली क्रोकोडाइल टीयर्स बहाते हैं, उनकी समस्या हल करने के लिए वाकई में कोई काम नहीं करते ।...(**व्यवधान**)...यह कम्युनिस्ट लोग भी इनको एक्सप्लायट करते हैं । मैं इनको चैलेंज करता हूं हम जो काम करते हैं, हम जैसे मकान में रहते हैं, जितना बोझा उठाते हैं, उसमें आकर यह हमारा मुकाबिला करें । हम लोगों के घरों में आदमी भी काम करते हैं, औरतें भी काम करती हैं, सब काम करते हैं । और ये खाली बड़ी-बड़ी बातें करते हैं । हम चाहते हैं कि कुछ काम करें । मैं चैलेंज करता हूं कोई भी आए, हम हल भी चलाते हैं, सारे काम करते हैं, यह आकर हमारा मुकाबिला करें । यह हरिजन आदिवासियों को विभिन्न प्रकार से एक्सप्लायट करते हैं ।

इसलिए मेरा निवेदन है हमारे संविधान में हरिजन और आदिवासियों के लिए अनेकों आर्टिकल्ज हैं, लेकिन क्या वे आर्टीकल्ज इम्प्लीमेंट होते हैं ? अनटचेबिल्टी को ही ले लीजिए, 1955 में अनटचेबिल्टी के लिए कानून पास हुआ था, 16 साल हो गये, क्या हुआ ? मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि इसको इतना लाइटली न लें, इसके बारे में गम्भीरता से सोचें ।

एजूकेशन को ही लीजिए---हम लोगों के लिए सबसे पहली चीज एजूकेशन है, उसके बाद इकानमी है। आज अगर वे लोग एजूकेशन प्राप्त कर लेते हैं, तो उनकी इकानमी भी सुधर सकती है। हमारे यहां इकानमी की इतनी प्राबलम नहीं है, क्योंकि हमारे यहां सब काम करते हैं, मेरी औरत भी काम करती है, मेरे बच्चे भी काम करते हैं, जब कि दूसरी जगह क्या औरतें काम करती हैं ? इसलिए मैं चाहता हूं कि हमको सबसे पहले एजूकेशन दो हमारे लोगों को ग्रेजुएट बनाओ। आज आप की तरफ से पोस्ट मैट्रीकुलेट स्कालरशिप मिलता है, लेकिन इसका लाभ सबको नहीं होता है। मैं चाहता हूं कि आप इसको कम्यूनिटीवाइज दें। हमारे यहां हरिजनों के अन्दर 1259 कम्यूनिटीज हैं और आदिवासियों के अन्दर 579 कम्यूनिटीज हैं। आपके स्कालरशिप्स सब कम्यूनिटीज के लिए अलग-अलग होने चाहिएं, रिजन-वाइज होने चाहिये, जिससे हर एक कम्यूनिटी को उसका लाभ पहुंच सके। जब तक हमारे लोगों को एजूकेशन नहीं मिलेगी, उनके अन्दर का फर्क दूर नहीं होगा, उनके अन्दर यह चीज कायम रहेगी। मैं चाहता हूं कि आप लोग इन सब बातों के बारे में गहराई से सोचिये, यहां पर रुपये का सवाल नहीं है, सिस्टेमेटिक्ली एजूकेशन देने से ही हम लोगों का भला हो सकता है।

आज कल जो कुछ हो रहा है, वह सब फार्स है, इस फार्स को रोकिये। आज यहां जितने लोग बैठे हुए हैं, मैं उनसे विनम्र निवेदन करना चाहता हूं कि वे इस मसले पर थोड़ा गम्भीरता से सोचें जिससे हम लोगों का भला हो सके।

SHRI A. S. KASTURE (Khomgaon) : I am thankful to you for giving me this opportunity to speak on the reports of Commissioner for Scheduled Castes and Tribes for the years 1966-67 to 1968-69. I am also glad to know that along with these reports the report of the Committee on Untouchability and economic and educational development of the Scheduled Castes is being discussed.

Article 17 of the Constitution has abolished untouchability. The Untouchability Act of 1955 has prescribed punishment for practising untouchability. In spite of all this, in the year of 1970, after 15 years of the enforcement of the Act and after twenty years of the existence of the Constitution, the Scheduled Castes are living in a disgraceful condition. The caste Hindus are observing untouchability. There are a large number of cases of the practice of untouchability. The Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes has received a large number of cases every year of the practice of untouchability. In the 1966-67 report, the Commissioner has received as many as 2,981 cases of untouchability. What is the nature of the complaints ? The nature of those complaints is very serious. What is the treatment these Scheduled Caste people are getting from caste Hindus ? That will be very clear if, with your permission, I read out two or three instances from the report.

In the first complaint about untouchability, it was alleged that a marriage party of Scheduled Caste persons was not allowed by the local upper castes to pass through the main streets of a village in District Mathura, Uttar Pradesh. The facts of the case called for from the authorities concerned confirmed the allegations, which also indicated that the policemen who had come for the help of the aggrieved, were attacked by members of the upper castes. This led to police firing on the mob and the death of one person.

In another case, it was alleged that a Scheduled Caste person of a village in District Meerut, Uttar Pradesh, was beaten severely by the local upper castes, as his cloth had happened to touch the body of a caste Hindu man. Other members of the Scheduled Caste were moreover harassed and stopped even from going to the fields to answer the call of nature, and their cattle were not permitted to graze in the fields. They were also forbidden by threats not to report the matter to the police.

I would like to quote two more cases. The Scheduled Caste residents of a village

[Shri A. S. Kasture]

in District Etah, Uttar Pradesh, alleged that the local upper castes had forcibly taken possession of their well. They also insulted their womenfolk who had gone for fetching water, broke their pots and did not allow them to draw water. It was also alleged that the police to whom the matter was reported, instead of taking action against the upper caste concerned, had asked the Scheduled Caste residents to construct a separate well for their own use. It was further stated that the former did not allow the construction of a well and also stopped the cattle belonging to Scheduled Castes from drinking water from the tank which originally belonged to the latter.

In another case, a Scheduled Caste resident of a Government colony in Delhi, alleged that one of his neighbours, an employee of the Government of India Press, New Delhi, had been harassing him on grounds of untouchability. An on-the-spot enquiry revealed that the allegations were substantially true.

